ADPC

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओ.टी.एस. पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाष नं. 0141–2715532
E-mail: trainings.rmsaraj@gmail.com

क्रमांक : रा.स्कूल शि.प / जय / Training / 2018–19 / 9249 दिनांक : 10/12/2018

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं**
**पदेन जिला परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा अभियान**
**समस्त जिले।**

**विषय – शीतकालीन अवकाश में वरिष्ठ अध्यापकों के प्रशिक्षण आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी करने एवं बैठक में भागीदारी बाबत्।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शैक्षिक गुणवत्ता हेतु सत्र 2018–19 में पीएबी द्वारा वरिष्ठ अध्यापकों (गणित, अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान) के 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षणों का प्रावधान किया गया है। ग्रीष्मावकाश (मई–जून 2018) में प्रशिक्षण पश्चात् आवंटित लक्ष्य के विरूद्व शेष शिक्षकों का विषयवार प्रशिक्षण 26 दिसम्बर 2018 से 04 जनवरी 2019 (शीतकालीन अवकाश) में कराया जाना है। शीतकालीन अवकाश में संलग्न विषयवार आवंटित लक्ष्य के अनुसार वरिष्ठ अध्यापकों की सूची तैयार की जावे। शिक्षक सूची तैयार करते समय निम्नांकित बिंदुओं को ध्यान में रखा जावे –

- सत्र 2018–19 तथा सत्र 2017–18 में तृतीय श्रेणी से द्वितीय श्रेणी में पदोन्नत शिक्षकों को प्राथमिकता से शामिल करें।
- जिन शिक्षकों ने मई–जून 2018 (गत ग्रीष्मावकाश) में तथा दिसम्बर–जनवरी 2017 (गत शीतकालीन अवकाश) में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो उनको मुक्त रखा जावे।
- सत्र 2018–19 में जारी किये गये निर्देशानुसार शिथिलन योग्य शिक्षकों को शामिल नहीं किया जावे।

**चूंकि प्रशिक्षण अंतर्जिला आयोजित किये जाते है। अतः विषयवार संभागी शिक्षकों की सूची 12 दिसम्बर 2018 तक तैयार कराकर परिषद मुख्यालय की ई–मेल आईडी rajsmsa.training@gmail.com पर तथा आयोजक जिले को भिजवावें।**

- संलग्न सूची के अनुसार आयोजक जिले संभागियों हेतु मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण स्थल का चयन करते समय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (सीटीई) को प्राथमिकता दी जावे। प्रशिक्षण स्थल ऐसा हो, जहाँ पर 25 से 30 कम्प्यूटर की लैब हो ताकि प्रशिक्षण में आईसीटी का अधिकतम उपयोग किया जा सके।
- प्रशिक्षणों हेतु 400/– रूपये प्रति व्यक्ति प्रति दिवस का बजट का प्रावधान किया गया है, जिसका मदवार विभाजन प्रशिक्षण दिशा–निर्देश 2018–19 में दिया गया है। प्रशिक्षण के सफल आयोजन हेतु दिशा–निर्देश 2018–19 का आवश्यक रूप से अध्ययन किया जावे।
- इन शिक्षक प्रशिक्षणों से पूर्व 19 से 24 दिसम्बर 2018 तक 6 दिवसीय दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण आयोजन किया जा रहा है। अतः दिशा–निर्देश के अनुसार योग्यताधारी, कर्मठ, विषयवार तीन–तीन दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण में भिजवावें, जिनमें एक प्रशिक्षक अनुभवी (पूर्व प्रशिक्षित) तथा दो प्रशिक्षक नये हो ताकि जिला स्तर पर दक्ष प्रशिक्षकों के पैनल में वृद्धि हो सके। इस प्रकार अधिक प्रशिक्षक की जिले पर उपलब्धता की स्थिति में 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रत्येक प्रशिक्षक को 5–5 दिन के लिये लगाया जा सकेगा, जिससे संभागियों को अधिक विशेषज्ञों से सीखने का अवसर प्राप्त होगा। दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण स्थल की सूचना पृथक से भिजवाई जा रही है।

www.rajteachers.com

- शीतकालीन अवकाश में आयोजित वरिष्ठ अध्यापक प्रशिक्षणों के संदर्भ में दिनांक 14 दिसम्बर 2018 को परिषद मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक (प्रशिक्षण) समस्त तैयारियों के साथ भाग लिया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(सुरेश चन्द्र)
अति. राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : रा.स्कूल शि.प/जय/Training/2018–19/3250 दिनांक 10/12/18

प्रतिलिपि – आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को भेजकर अनुरोध है कि प्रशिक्षण प्रभारी को दिनांक 14 दिसम्बर 2018 को परिषद मुख्यालय की बैठक में भाग लेने हेतु निर्देशित करावें।
4. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक (प्रथम/द्वितीय) राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
5. निदेशक, RSCERT, उदयपुर को भेजकर अनुरोध है कि प्रशिक्षण प्रभारी को दिनांक 14 दिसम्बर 2018 को परिषद मुख्यालय की बैठक में भाग लेने हेतु निर्देशित करावें।
6. प्राचार्य सीटीई जामडोली (जयपुर), सरदार शहर (चूरू), हटूण्डी (अजमेर) एवं जोधपुर को भेजकर लेख है कि प्रशिक्षण प्रभारी को दिनांक 14 दिसम्बर 2018 को परिषद मुख्यालय की बैठक में भाग लेने हेतु निर्देशित करावें।
7. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा, समस्त जिले को भेजकर लेख है कि उक्तानुसार पालना सुनिश्चित करें।
8. कार्यालय प्रति।

www.rajteachers.com

अति. राज्य परियोजना निदेशक

कार्यालय - CDEO/DPC DUNGARPUR

अत्यावश्यक

क्रमांक : 479. दिनांक : 10/12/18

समस्त CBEO
जिला - डूंगरपुर

मूल ही पत्र भेजकर लेख है कि पत्र द्वारा चाही गई वरिष्ठ अध्यापकों की सूची दिनांक 11.12.18 तक अनिवार्यतः हार्ड कॉपी एवं MS Excel में भिजवाना सुनिश्चित करावें।

CDEO/DPC
SMSA, DUNGARPUR